# भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित भोपाल

ई–निविदा दस्तावेज

भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, भोपाल में कम्प्यूटर एवं प्रिंटर ए.एम.सी का कार्य दिऐ जाने बावत्।

# भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित भोपाल

डेयरी प्लांट हबीबगंज, भोपाल–462024

## कम्प्यूटर एवं प्रिंटर ए.एम.सी हेतु ई–निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा क्रं: 67 दिनांक 16.12.2022

भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित भोपाल द्वारा दुग्ध संघ में स्थापित कम्प्यूटर एवं प्रिंटर का ए.एम.सी कार्य हेतु ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्य को करने के इच्छुक निविदाकारों हेतु ऑन लाइन दरें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा फार्म क्रय, डाउनलोड एवं निविदा भरने की संपूर्ण कार्यवाही www.mptenders.gov.in पर संपादित की जा सकती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण/कार्य एवं शर्ते मुख्यालय की वेबसाईट www.sanchibhopal.com पर देखी जा सकती हैं। निविदा आफॅर को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने के अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्या0, भोपाल के पास सुरिक्षत रहेगा।

निविदा में यदि कोई सुधार/संशोधन होता है, तो सिर्फ उपरोक्त दर्शायी गई मुख्यालय की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा। अन्य और कोई भी माध्यम पर प्रकाशित नही होगा।

| निविदा फार्म डाऊन लोडिंग की प्रारंभ दिनांक व समय | निविदा प्रपत्र की राशि रू0 | निविदा दर भरने की अंतिम दिनांक व समय | तकनीकी निविदा खुलने की दिनांक, समय |
|---|---|---|---|
| 17/12/2022<br>11:00 AM | 1000/- | 07/01/2023<br>06:00 PM | 09/01/2023<br>12:00 PM |

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

अनुसूची–1

## निविदाकर्ता के संबंध में जानकारी
## कम्प्यूटर एवं प्रिंटर ए.एम.सी कार्य हेतु ई–निविदा

1. निविदाकर्ता का नामः ....................................................................................................

2. निविदाकर्ता का पता (दूरभाष एवं मोबाईल नं. सहित)..........................................
.....................................................................................................................................
.....................................................................................................................................
.....................................................................................................................................

3. निविदाकर्ता इकाई का प्रकार : .........................................................................................
(जैसे–व्यक्ति या पार्टनरशिप फर्म या कंपनी या शासकीय विभाग या सार्वजनिक उपक्रम)

4. निविदाकर्ता का पेन (PAN) क्रमांक : ..................................................................................
फोटोकॉपी संलग्न करें।

5. निविदाकर्ता का जी.एस.टी. (GST) क्रमांक : .......................................... दिनांक...............
फोटोकॉपी संलग्न करें।

6. ई–निविदा के प्रत्येक पृष्ठ पर तथा अनुसूचियों पर हस्ताक्षर है, हॉ/नहीं।

7. ई–निविदा के संबंध में अन्य कोई सूचना जो निविदाकर्ता इकाई के मत में महत्वपूर्ण हो
.....................................................................................................................................

दिनांक / /

निविदाकर्ता के
हस्ताक्षर एवं सील

अनुसूची–2

भोपाल दुग्ध संघ में स्थापित कुल **140** कम्प्यूटर, 9 लैपटॉप, विभिन्न 90 प्रिंटर **(line printers/ dot matrix printers/ laser printers)** एवं **03 Photo copy machine** के रखरखाव हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जा रही है। जिसका विवरण निम्नानुसार हैः–

## 1. धरोहर राशि

1.1 निविदाकर्ता इकाई को धरोहर राशि के रूप में रू. 25,000/–(रूपये पच्चीस हजार मात्र) जमा करना अनिवार्य होगा।

1.2 भोपाल दुग्ध संघ में पहले से जमा धरोहर राशि अथवा अन्य कोई राशि अथवा किसी देयक के विरूद्ध राशि को इस ई–निविदा की धरोहर राशि के रूप में मान्य करने के किसी भी अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जावेगा।

1.3 निविदाकर्ता इकाई को उनके द्वारा दिये गये ऑफर को वापिस लेने अथवा उसमें परिवर्तन करने या शर्तों तथा दशाओं में परिवर्तन करने का अधिकार नहीं होगा। यदि न्यूनतम दर पाई जाने वाली निविदाकर्ता इकाई दुग्ध संघ के साथ अनुबंध नहीं करती है, तो उसकी धरोहर राशि रूपये 25,000/– मात्र जब्त कर ली जावेगी।

1.4 धरोहर राशि पर किसी भी दशा में कोई ब्याज देय नहीं होगा।

## 2. निविदाकर्ता इकाई की पात्रताऐं (Eligibility)

2.1 निविदाकर्ता इकाई का स्थाई आयकर लेखा संख्या (PAN) होना अनिवार्य है,जो संलग्न नहीं करने पर निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।

2.2 निविदाकर्ता इकाई का भोपाल में भी स्थानीय कार्यालय/फर्म/दुकान होना अनिवार्य है, जिसके दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है।

2.3 निविदाकर्त्ता इकाई का जी.एस.टी. (GST) में पंजीयन की प्रति संलग्न करना अनिवार्य हैं।

2.4 निविदाकर्त्ता किसी भी संस्था में काली सूची में दर्ज न हो इस बाबत् घोषणा पत्र स्वयं के फर्म लेटर हेड पर देना अनिवार्य है।

2.5 विगत् 02 कर निर्धारण वर्षो (Assessment Year 2021–22, 2022–23) की आयकर विवरणी (ITR) अनिवार्यतः संलग्न किया जाना है।

## 3. ई–निविदा का तैयार किया जाना तथा जमा किया जानाः–

3.1 निविदाकर्ता चेकलिस्ट अनुसार दर्शाई अर्हताओं से संबंधित दस्तावेजों के ऊपर इकाई की सील तथा अधिकृत हस्ताक्षर होना अनिवार्य है। इसे तकनीकी बिड के रूप में मान्य किया जावेगा।

3.2 सर्वप्रथम निविदाकर्ताओं की तकनीकी अर्हताओं को खोला जायेगा (Technical) तथा तकनीकी अर्हता सही पाई जाने पर प्राइसबिड (Commercial) केवल उन्ही निविदाकर्ताओं की खोली जायेगी, जो तकनीकी अर्हता में सफल होंगे।

## 4. निविदा स्वीकार करने का अधिकार :

मुख्य कार्यपालन अधिकारी, भोपाल दुग्ध संघ को यह अधिकार होगा कि वह सकारण किसी भी निविदा को अस्वीकार अथवा आंशिक रूप से स्वीकार या अस्वीकार कर सकेंगे। मुख्य

कार्यपालन अधिकारी, भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित भोपाल का निर्णय अंतिम होगा तथा सभी निविदाकर्ताओं पर बंधनकारी होगा।

## 5. ई–निविदा शर्ते :

5.1 इकाई द्वारा देयक प्रत्येक तिमाही की 10 तारीख तक संबंधित अधिकारी से प्रमाणित करा कर प्रस्तुत किया जाएगा। इस देयक का नियमानुसार भुगतान टी.डी.एस काटकर किया जावेगा। यदि इकाई द्वारा संतोषजनक सेवाऐं नहीं दी जाती है तो देयक से आनुपातिक राशि काट ली जावेंगी। दुग्ध संघ द्वारा संबंधित शाखा से सत्यापन के आधार पर भुगतान प्रमाणित किया जावेगा।

5.2 ई–निविदा में दी गयी दरें पूर्ण अनुबंधित अवधि के लिए मान्य होंगी एवं इस दौरान किसी अन्य पार्टस/टैक्स इत्यादि में बढ़ोतरी होने पर दुग्ध संघ द्वारा दरों में कोई बढ़ोतरी मान्य नहीं की जायेगी।

5.3 कम्प्यूटर एवं प्रिंटर में लगने वाले आवश्यक स्पेयर पार्टस एवं कार्टेज रिफिलिंग की सूची दर सहित पृथक से संलग्न करना होगा।

5.4 सफल निविदाकार द्वारा दी गई स्पेयर पार्ट्स एवं कार्टेज रिफिलिंग की दरें अधिक पाए जाने की स्थिति में ए.एम.सी कार्य हेतु प्राप्त न्यूनतम दर (L1) निविदाकार से ही वर्तमान प्रचलित बाजार दरों के अनुरूप नियमानुसार निगोशियेशन किया जाकर दर स्वीकृत की जावेगी।

5.5 फर्म/दुकान का पंजीयन अनिवार्य है।

5.6 सफल निविदाकर्ता इकाई को दुग्ध संघ का कार्यादेश जारी होने के 15 दिवस के अन्दर कार्य प्रारंभ करना होगा। अन्यथा जमा की गई EMD राशि जब्त कर काली सूची में डाले जाने की कार्यवाही की जावेगी।

5.7 सफल निविदाकर्ता द्वारा नए स्पेयर्स/पार्टस बदले जाने के समय निकाले गए खराब स्पेयस/पार्टस भंडार शाखा (भोपाल सहकारी दुग्ध संघ) में जमा करना होगा।

5.8 सफल निविदाकर्ता को नए स्पेयर्स/पार्टस बदले जाने से पूर्व सर्वप्रथम भंडार शाखा भोपाल सहकारी दुग्ध संघ में देयक सहित स्पेयर्स की प्रविष्टि कराना होगी अन्यथा देयक का भुगतान नही किया जावेगा।

5.9 इकाई द्वारा अनुबंध का किसी भी प्रकार उल्लंघन करने से संघ को हुई क्षति की राशि की वसूली इकाई से की जावेगी। यह वसूली उसके द्वारा प्रस्तुत देयकों, धरोहर राशि अथवा इकाई को देय अन्य किसी राशि में से की जावेगी।

5.10 भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित के अधिकारियों/कर्मचारियों के करीबी रिश्तेदार/संबंधी इस निविदा में भाग नहीं ले सकते।

5.11 अनुबंधित इकाई जिसे संघ द्वारा कार्य दिया गया है, किसी अन्य इकाई/व्यक्ति को कार्य नहीं दे सकती।

5.12 निविदाकर्ता इकाई द्वारा निविदा प्रपत्रों में अंकित किया गया पता ही अनुबंध एवं आर्बिट्रेशन आदि समस्त उद्देश्यों हेतु मान्य होगा, जब तक कि इकाई द्वारा विधिवत कोई नया पता दुग्ध संघ को पंजीकृत पावती डाक से सूचित नहीं किया जाता है।

5.13 ई–निविदा अहस्तांतरणीय है।

5.14 सफल निविदाकर्ता इकाई को दुग्ध संघ के साथ अनुबंध निष्पादित करना होगा।

5.15 निविदाकर्ताओं को दरें आनॅलाइन ही प्रस्तुत करनी है। सशर्त निविदाएं स्वीकृत नहीं की जावेगी।

5.16 किसी भी व्यक्ति या फर्म को विभिन्न नामों से एक से अधिक निविदा प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं है।

5.17 निविदाकार किसी अन्य पार्टी या पार्टियों को अनुबंध के पूरे या किसी हिस्से को नहीं सौंपेगा अन्यथा अनुबंध निरस्त करते हुए धरोहर राशि राजसात कर ली जावेगी।

5.18 यह माना जाएगा कि निविदाकर्ता ने रखरखाव किए जाने वाले उपकरणों की शर्तो और विशिष्टताओं की सावधानीपूर्वक जांच की है। यदि निविदाकार को शर्तो या विनिर्देशों से संबंधित कोई संदेह है तो वे निविदा जमा करने से पहले भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के अधिकृत प्रतिनिधि से संपर्क करेंगे। निविदाकर्ता दरें प्रस्तुत करने से पहले भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के परिसर में अनुरक्षित किए जाने वाले उपकरणों की स्थिति का निरीक्षण कर सकता है। निविदाकर्ता को अपने ग्राहकों की सूची प्रस्तुत करनी होगी जिनके लिए वे वर्तमान में कम्प्यूटर रखरखाव का कार्य कर रहे है। यदि फर्म अधिकृत निर्माता या डीलर है तो प्रमाण पत्र संलग्न करें।

5.19 भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के अधिकृत प्रतिनिधि उपकरण के लिए आवश्यक सभी उचित बिजली स्त्रोत और अन्य पर्यावरणीय परिस्थितियों को प्रदान करेंगे हालांकि यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी निविदाकार की होगी।

5.20 निविदाकर्ता अपने कार्यालय, गोदाम और कार्यशाला के परिसर का पूरा पता प्रस्तुत करेगा जहां भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है।

5.21 सेवा के अनुबंध को किसी भी समय निरस्त किया जा सकता है यदि रखरखाव संतोषजनक ढंग से नहीं किया जाता हैं।

5.22 किसी तिमाही के दौरान, यदि कोई निवारक अनुरक्षण प्रदान नहीं किया गया है और कोई सुधारात्मक अनुरक्षण नहीं किया गया हैं, तो उस तिमाही की इस मशीन के लिए कोई भुगतान नहीं किया जाएगा।

5.23 यदि कोई निविदाकर्ता ऐसी शर्ते लगाता है, जो इसमें उल्लेखित शर्तो के अतिरिक्त या उनके विपरीत है, तो उसकी निविदा को अस्वीकार कर दिया जाएगा। किसी भी स्थिति में इनमें से किसी भी शर्त को स्वीकृत नहीं माना जाएगा।

5.24 निविदाकर्ता निविदा भरने से पहले कम्प्यूटर सिस्टम, प्रिंटर ओर उसके सहायक उपकरणों की स्थिति का निरीक्षण कर सकते है।

5.25 L1 निविदाकार का निर्धारण वित्तीय बिड के Grand Total (A+B) के आधार पर किया जावेगा।

## 6. कार्य का विवरणः

वार्षिक रखरखाव अनुबंध के अंतर्गत 140 सेट कम्प्यूटर, 09 लैपटॉप, 90 (लाइन प्रिंटर/डॉट मैट्रिक्स प्रिंटर/लेजर प्रिंटर), 03 फोटो कॉपी मशीन शामिल है।

6.1 निविदाकर्ता कम्प्यूटर सिस्टम, प्रिंटर और उसके बाहय उपकरणों को रखने के लिए सुबह 10.00 बजे से शाम 6.00 बजे तक (सभी कार्य दिवसों पर) रखरखाव सेवा प्रदान करना होगा। सेवा में कम्प्यूटर सिस्टम और बाहय उपकरणों का निवारक ओर सुधारात्मक रखरखाव शामिल होगा।

6.2 निविदाकर्ता भोपाल सहकारी दुग्ध संघ कार्यालय में उपयोगित कम्प्यूटर सेट 140 सेट कम्प्यूटर, 09लैपटॉप, 90(लाइन प्रिंटर/डॉट मैट्रिक्स प्रिंटर/लेजर प्रिंटर), 03 फोटो कॉपी मशीन में लगे वस्तुओं की सूची और दरें प्रदान करेगा ये शुल्क पूरी अनुबंध अवधि के लिए लागू होंगे। सूचीबद्ध नहीं होने वाली किसी भी वस्तु को वार्षिक रखरखाव अनुबंध के तहत माना जाएगा एवं निविदाकर्ता को उक्त वस्तु का भुगतान नहीं किया जावेगा।

6.3 इस अनुबंध में शामिल सभी उपकरणों की मरम्मत/प्रतिस्थापन होगी, निविदाकर्ता को किसी भी हिस्से की मरम्मत/प्रतिस्थापन के लिए किसी भी अतिरिक्त राशि का दावा करने का कोई अधिकार नहीं होगा।

6.4 जब 2 कार्य दिवसों के भीतर खराबी को सुधारा नहीं जा सकता है या ऐसी किसी मरम्मत के लिए कम्प्यूटर को संघ परिसर से बाहर ले जाना हो तो, निविदाकर्ता समान क्षमता का उपकरण (स्टैंडवाय) प्रदान करेगा।

6.5 आपूर्ति किए गए और बदले गए सभी स्पेयर्स (वार्षिक रखरखाव अनुबंध के तहत कवर किए गए आइटम या वार्षिक रखरखाव अनुबंध के तहत संबंधित नहीं) सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले होने चाहिए। स्पेयर्स की गुणवत्ता के संबंध में अधिकृत प्रतिनिधि का निर्णय अंतिम होगा और निविदाकार के लिए बाध्यकारी होगा। यदि आपूर्ति की गई कोई भी वस्तु अनुमोदित नहीं होती है या अस्वीकृति या स्पेयर्स के प्रतिस्थापन के परिणामस्वरूप हुई हानि की पूर्ण जवाबदारी निविदाकर्ता की होगी। यदि फर्म द्वारा आपूर्ति की गई वस्तु/स्पेयर्स सर्वोत्तम गुणवत्ता की नहीं है तो मुख्य कार्यपालन अधिकारी महोदय, भोपाल सहकारी दुग्ध संघ तिमाही के लिए कोई राशि चुकाए बिना अनुबंध समाप्त कर सकता है। सफल निविदाकर्ता को समय पर सेवाएं प्रदान करने के लिए स्पेयर्स का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखना आवश्यक है।

## 7. आर्बिट्रेशन :

किसी भी प्रकरण में सामग्री/सेवा प्रदायक एवं दुग्ध संघ के मध्य विवाद की स्थिति निर्मित होने पर प्रबंध संचालक, एमपीसीडीएफ को प्रकरण निराकरण हेतु प्रस्तुत किया जा सकेगा।

निराकरण न होने की स्थिति में आर्बिट्रेशन एक्ट 1996 के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही की जा सकेगी।

## 8. न्यायायिक क्षेत्र :

भोपाल जिला न्यायालय, न्यायिक क्षेत्र होगा।

## 9. वैधानिक कटौतियॉ :

इकाई के देयक में से नियमानुसार टी0डी0एस0 व अन्य वैधानिक कटौतियॉ दुग्ध संघ द्वारा की जाकर शुद्ध राशि का भुगतान इकाई को NEFT/RTGS के माध्यम से किया जावेगा।

# अभिवचन

1. मैं/हम यह अभिवचन करते हैं कि मैंने/हमने ई–निविदा की शर्तों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लिया है तथा निविदा में उल्लेखित कार्य को समझ लिया है।

2. मैं/हम यह अभिवचन करते हैं कि हमारा कोई निकट संबंधी भोपाल सहकारी दुग्ध संघ में कार्यरत नहीं है।

3. हम यह भी अभिवचन करते हैं कि इस निविदा में दी गई जानकारियॉ सत्य एवं सही है तथा इसके लिए मैं/हम जिम्मेदार है।

दिनांक / /

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर
मय नाम एवं सील

नोटः– फर्म के लेटर हेड पर प्रस्तुत किया जाना होगा।

भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, भोपाल
हबीबगंज, भोपाल 462024

अनुसूची–3

फार्म–बी
(वित्तीय बिड केवल ऑनलाईन जमा की जानी है)

नोटः– एक्सेल प्रारूप में निर्धारित **BOQ** में दरों को भरना अनिवार्य होगा।

| S.no. | Configuration / model | Device | Make | Unit | AMC Amt. (in Rs.) (inclusive of all taxes) | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | Per unit rate per year (inclusive of all taxes) | Total Unit rate per year (inclusive of all taxes) |
| **A.** | **Printers** | | | | | |
| 1 | M1136 | Laser | HP | 10 | | |
| 2 | KXMB 772 | Laser | Panasonic | 1 | | |
| 3 | LBP 3300 | Laser | Canon | 9 | | |
| 4 | LBP 2900 | Laser | Canon | 18 | | |
| 5 | P7010 | Laser | WeP Printronix | 2 | | |
| 6 | G 2010 | Colour | Canon | 1 | | |
| 7 | photocopy m/c | Laser | Canon | 2 | | |
| 8 | LBP 6200D | Laser | Canon | 6 | | |
| 9 | 9140 CDF | Colour | Brother | 1 | | |
| 10 | LQ DSI 5235 | Laser | WeP Printronix | 6 | | |
| 11 | AFICIO Photocopy M/c | Laser | Ricoh | 1 | | |
| 12 | P7000 | Laser | WeP Printronix | 1 | | |
| 13 | MF 3010 | Multifunction | Canon | 35 | | |
| **Sub Total for A** | | | | | | |
| **B.** | **Computer/Laptop** | | | | | |
| 1 | Computers system | - | - | 140 Set | | |
| 2 | Laptop | - | - | 9 | | |
| **Sub Total for B** | | | | | | |
| **Grand Total (A+B)** | | | | | | |